पुष्कर और अजमेर के मध्य विमान सेवा

774. श्री नीलां इशाकदेव : क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पुष्कर और अजमेर को विमान सेवा से जोड़ने के मामले में क्या प्रगति हुई है; और

(ख) उपर्युक्त सेवा के कब तक प्रारंभ किए जाने की संभावना है?

ऊर्जा मंत्री, साथ में नागर विमानन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री आरिफ मोहम्मद खान) : (क) और (ख) विमान क्षमता की कमी और परिचालनात्मक ढुवाई पट्टी के उपलब्ध न होने से इंडियन एयरलाइंस और वायुदूत के लिए निकट भविष्य में किन्हीं स्थानों को जोड़ना संभव नहीं है। तथापि, अजमेर को उन स्टेशनों की सूची में शामिल कर लिया गया है जिन्हें वायुदूत सेवा से जोड़े जाने के लिए चुना गया है।

देश में गैस पर आधारित बिजली घरों का स्थापित किया जाना

775. श्री विठ्ठलभाई मोतीराम पटेल: क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में गैस पर आधारित गए बिजली घर स्थापित किये जाने के संबंध में सरकार द्वारा कोई निर्णय ले लिया गया है अथवा लिये जाने की संभावना है;

(ख) यदि हां, तो उनका राज्यवार ब्यौरा क्या है, और इस समय इस प्रकार के कितने प्रस्ताव हैं;

(ग) इस संबंध में राज्यवार मांगों का ब्यौरा क्या है और गुजरात की कितनी मांगें लम्बित पड़ी हुई हैं और उसके क्या कारण हैं; और

(घ) उपर्युक्त मांगों के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

ऊर्जा मंत्री, साथ में नागर विमानन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री आरिफ मोहम्मद खान) : (क) से (ख) विभिन्न गैस आधारित परियोजनाएं जिनसे आठवीं योजनावधि के दौरान लाभ मिलने की आशा है, का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

(ग) और (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

विवरण

क्र. सं.	परियोजना का नाम	राज्य	प्रतिष्ठापित क्षमता (मे० वा०)	8वीं योजना के दौरान के लाभ (मेगावाट)
1	2	3	4	5
एक. केन्द्रीय क्षेत्र :				
1.	कवास गैस आधारित विद्युत परियोजना (जी०पी०पी०)	गुजरात	4X100+ 2X100	600
2.	कठालगुड़ी जी०पी०पी०	असम	6X131+ 3X30	270